# समाचार

## स्वच्छ भारत मिशन

## छठा चरण का स्वच्छता पखवाड़ा

# सर्वमंगला गार्डन में किया गया सफाई कार्य

## (निगम के अधिकारियों एवं नागरिकों ने दी सहभागिता)



कोरबा 11 फरवरी 2016 –छठे चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज सर्वमंगला गार्डन में विशेष रूप से स्वच्छता कार्यो का संपादन कराया गया। इस मौके पर अधिकारियों व क्षेत्र के नागरिकों ने साफ–सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता देते हुए साफ–सफाई कार्यो का विशेष रूप से संपादन कराया।

भारत शासन के दिशा निर्देशों के तहत '' स्वच्छ भारत मिशन '' के अंतर्गत पृथक–पृथक विषयों पर केन्द्रित स्वच्छता पखवाड़ों का आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन में विगत 16 नवम्बर से यह पखवाड़े आयोजित किए जा रहे हैं। यहां उल्लेखनीय है कि सम्पूर्ण प्रदेश के साथ–साथ कोरबा जिले के सभी नगरीय निकायों में कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन में यह स्वच्छता पखवाड़े संचालित हो रहे है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में पांच पखवाड़ों के सफल आयोजन के पश्चात 01 फरवरी से 15 फरवरी के मध्य छठे चरण का स्वच्छता पखवाड़ा वर्तमान में संचालित हो रहा है। '' वाटर बाडी रिक्रेएशन पार्क, खेल मैदान, रेस्ट एरिया एव अन्य लैण्डस्केप '' विषय पर संचालित किए जा रहे इस पखवाड़े के तहत आज सर्वमंगला गार्डन में विशेष रूप से साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया गया। इस मौके पर निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, उद्यान अधीक्षक एम.एल. तिवारी,

उद्यान निरीक्षक आनंद राठौर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व नागरिकों ने साफ–सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता दी।

**12 फरवरी को स्वीमिंग पूल स्टेडियम में होगा कार्य** –छठा चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत 12 फरवरी को स्वीमिंग पूल स्टेडियम में विशेष साफ–सफाई का कार्य कराया जाएगा। निगम द्वारा उक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे इस अवसर पर अपनी सहभागिता प्रदान करें। कार्ययोजना अनुसार 15 फरवरी को विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) से मानस नगर ढेंगुरनाला पुल तक विशेष साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया जाएगा।